**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-30 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 30(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद संतकबीरनगर के ब्लाक सेमरियावां के पैडी चौराहे पर बी0एम0सी0टी0 मार्ग को लोक निर्माण विभाग द्वारा जोड़ने वाला दानोंकुईया मार्ग पूरी तरह से जर्जर होने के कारण ग्रामीणों/राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | प्रश्नगत मार्ग पैडी दानोंकुईया हनुमानगंज मार्ग अन्य जिला श्रेणी का मार्ग है। यह मार्ग बी0एम0सी0टी0 मार्ग (एन0एच0-328) पैडी चौराहे से निकलकर दानोंकुईया चौराहा होते हुए जनपद बस्ती हनुमानगंज को जोड़ता है। इस मार्ग की कुल लम्बाई 12.00 किमी0 है। प्रश्नगत मार्ग के चैनेज 8.000 से 12.000 तक कुल 4.000 लम्बाई ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग संतकबीरनगर के पी0एम0जी0 एस0वाई0 अन्तर्गत अनुरक्षणाधीन है, गड्ढामुक्त एवं सर्फेस संतोषजनक है।<br>प्रश्नगत मार्ग के चैनेज 0.000 (पैडी) से चैनेज 8.000 (दानोंकुईया) तक कुल लम्बाई 8.00 किमी0 है, जो लोक निर्माण विभाग संतकबीरनगर के अधीन है। अतिवृष्टि एवं यातायात घनत्व अधिक होने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त है, जिसके निर्माण कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता निर्भर है। |
| (ख) यदि हॉं, तो कब तक उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**